





# बिना पंजीयन व फायर एनओसी चल रहे 15 मैरिज होम्स सील

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 25 फरवरी।** बिना पंजीयन कराए और फायर सेफ्टी की एनओसी सहित अन्य जरूरी औपचारिताएं पूरी किए बिना ही संचालित किए जा रहे 14 मैरिज होम्स एवं गार्डन को नगर निगम की टीम ने 24 फरवरी को सील कर दिया है।

**ननि आयुक्त के निर्देशन में नगर निगम टीम की कार्रवाई**

नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र धाकरे ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में संचालित मैरिज गार्डन एवं मैरिज होम्स की जांच और राजस्व, संपत्तिकर की वसूली के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। टीम के नोडल अधिकारी सहायक यंत्री कमलकिशोर शर्मा के नेतृत्व में टीम ने शहरी क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर संचालित दर्जनभर से अधिक मैरिज होम्स का निरीक्षण किया। जांच के दौरान 14 मैरिज होम्स ऐसे पाए गए जिनके द्वारा न तो पंजीयन कराया गया था और ना ही उनके द्वारा जांच टीम के समक्ष फायर सेफ्टी की एनओसी प्रस्तुत की जा सकी। मैरिज होम्स संचालक मौके पर ले-आऊट प्लान भी उपलब्ध नहीं करा सके। इन सभी तथ्यों को परखने के बाद टीम ने मैरिज होम्स एवं गार्डनों को सील किए जाने का निर्णय लेते हुए सभी 15 मैरिज होम्स को सील कर दिया।

### इन मैरिज गार्डन व मैरिज होम्स को किया गया सील

वैष्णो पैलेस मैरिज होम, राजौरिया पैलेस मैरिज होम, प्रेम संगम मैरिज होम, दादा पैलेस मैरिज गार्डन अंबाह रोड, मुकुंद पैलेस मैरिज गार्डन अंबाह बायपास, ग्रीन एप्पल वैक्वेंट हॉल नंदे का पुरा रोड, निर्भय पैलेस मैरिज होम एवं मां भगवती पैलेस नंदे का पुरा, बालाजी पैलेस माधौपुरा की पुलिया, द् ग्रांड गुप्ता वैक्वेंट हॉल माधौपुरा की पुलिया, जगदंबा पैलेस, गोपी गार्डन, गोकुल गार्डन माधौपुरा की पुलिया, रघुवर पैलेस मैरिज गार्डन।

# ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी पत्नी की मौत, पति जख्मी



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 25 फरवरी।** ग्राम गड़ौरा में रिश्तेदारों के घर मातम में शामिल होने जा रहे बाइक सवार पति-पत्नी को पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में जख्मी हुए पति-पत्नी को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान पत्नी की मौत हो गई। हादसा सरायछौला क्षेत्र में एनएच-44 पर बाबा देवपुरी मंदिर के पास होना बताया जा रहा है।

**एनएच-44 पर सरायछौला क्षेत्र में बुधवार को हुआ हादसा**

जानकारी के अनुसार धौलपुर जिले के ग्राम नीमबसई निवासी देवी सिंह 55 पुत्र रघुवीर सिंह बुधवार को पत्नी छोटीदेवी (50) के साथ बाइक पर सवार होकर सरायछौला क्षेत्र के गड़ौरा गांव में अपने रिश्तेदार के घर मातम में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार देवी सिंह और उसकी पत्नी जब एनएच-44 पर बाबा देवपुरी मंदिर के पास से गुजर रहे थे। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में देवी सिंह और उसकी पत्नी छोटीदेवी बुरी तरह जख्मी हो गए। दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान छोटीबाई की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मर्ग कायम कर लिया है।

### माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक कल होगी

**मुरैना, 25 फरवरी।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक 27 फरवरी को दोपहर दो बजे ऋषिगालव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरैना में आयोजित की गई है। प्रवक्ता बनवारीलाल शर्मा ने बताया कि बैठक में सभी तहसील के अध्यक्ष व शिक्षक उपस्थित रहेंगे। बैठक में न्यायालीन प्रकरणों पर गहन विचार विमर्श कर समीक्षा की जाएगीए उसके बाद आगे की रणनीति पर चर्चा होगी।

# किराना दुकान में सेंध लगाकर चोरी, फायरिंग कर भागे बदमाश

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 25 फरवरी।** कस्बा जौरा में मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात को बदमाशों ने पुराने रेलवे स्टेशन क्षेत्र में स्थित एक किराना स्टोर की दुकान को निशाना बनाया। बदमाश दुकान के पिछले हिस्से की दीवार में सेंध लगाकर अंदर घुसे और सामान समेटकर निकल रहे थे, तभी गश्त कर रही पुलिस की टीम वहां पहुंच गई। पुलिस को सामने देखते हुए बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग करना शुरू कर दी। हालांकि पुलिस द्वारा फायरिंग किए जाने की पुष्टि नहीं की जा रही है।

**कस्बा जौरा में मंगलवार की रात को हुई घटना, मौके पर पहुंचीं पुलिस पर ठोके फायर**

कस्बा जौरा में पुराने रेलवे स्टेशन के पास स्थित जैन किराना स्टोर की दुकान के मालिक शैंकी जैन ने बताया कि बदमाश दुकान की पिछली दीवार में सेंध लगाकर अंदर घुसे थे। दुकान के अंदर से पान मसाला, सिगरेट के पैकेट, बीड़ी के बंडल, गल्ले में रखी नगदी समेटी और भाग निकले। चोरी गए माल की कीमत आधा लाख से अधिक बताई जा रही है।

**गश्त करने पहुंचें पुलिस के जवानों पर फायरिंग :** सूत्रों की माने तो दुकान से माल समेटने के बाद बदमाश जब निकल रहे थे, तभी पुलिस का गश्ती दल वहां पहुंच गया। पुलिस को देखकर बदमाशों ने रेलवे पटरी के पास से फायर ठोक दिया। आधी रात में गोली चलने की आवाज से सनसनी फैल गई। इसी दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर बदमाश भागने में कामयाब रहे।

### होली के त्यौहार पर मेमू ट्रेन के फेरे बढ़ाने की मांग

**मुरैना/सुमावली, 25 फरवरी।** होली के त्योहार पर लोग दूर-दराज से अपने घर-गांव आते हैं। लोगों को आवागमन में सुगमता हो, इसके लिए ग्वालियर से कैलारस तक चलने वाली मेमू ट्रेन के अतिरिक्त तीन फेरे बढ़ाए जाने की मांग स्थानीय ग्रामीणों ने की है। यहां बता दें कि मप्र सहित दूसरे प्रांतों में काम-धंधे की तलाश में गए लोग परिवार सहित अपने घर-गांव लौटते हैं। इनकी संख्या हजारों में हैं। चूंकि सुमावली से रेल यातायात का माध्यम सिर्फ मेमू ट्रेन है, इसलिए लोगों ने रेल प्रबंधन से मेमू ट्रेनों के अतिरिक्त तीन फेरे बढ़ाए जाने की मांग की है।







# होली हाट : झार के लड्डू-गुजिया, रंग-गुलाल के सजाए स्टॉल

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 25 फरवरी।** होली के त्योहार पर घर के सदस्यों के साथ मेहमानों के लिए सालों पहले ग्रामीण परिवेश के व्यंजन झार के लड्डू, गुजिया, मठरी आदि परोसी जाती थी। समय के साथ अब यह उत्पाद व इनका स्वाद लोगों की पहुंच से दूर हो गए हैं। अंचल के देहाती व्यंजन (उत्पाद) लोग खरीद सकें और देशी व्यंजनों की ब्रांडिंग हो, इसके लिए मुरैना शहर में बिस्मिल संग्रहालय के पास आजीविका होली हाट बुधवार से शुरू हुई।

**आजीविका होली हाट का महापौर श्रीमती सोलंकी ने किया शुभारंभ**

2 दिन तक चलने वाली इस हाट का शुभारंभ बुधवार को महापौर शारदा सोलंकी ने फीता काटकर किया। इस 2 दिवसीय हाट के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से मेले को अपनी शुभकामनाएं दीं और स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में ऐसे आयोजनों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। इस मौके पर जिपं सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, समाजसेवी कमलेश कुशवाह, सुनील जाटव, अशोक शर्माए, जिला परियोजना प्रबंधक दिनेश सिंह तोमर, मेला प्रभारी वीरेश भदौरिया, उमेश राजौरिया तथा वायपी सचिन धोते सहित भिंड, मुरैना एवं श्योपुर जिलों के स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

**हाट में झार के लड्डू, गुजिया का उठाएं लुत्फ :** आजीविका होली हाट में महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ी ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को दादी के हाथ के बने स्वादिष्ट झार के लड्डुओं के अलावा देहाती गुजिया, मठरी सहित अन्य देशी उत्पाद बिक्री के लिए रखे गए हैंए जहां से लोगों ने यह देहाती उत्पाद खरीदे। इसके अलावा होलिका दहन में उपयोग होने वाली गोबर से बनी हुई गूलरी भी बिक्री के लिए रखी गई हैं।

### समूहों की बढ़ेगी आय तो सशक्त होंगी महिलाएं : सोलंकी

आजीविका होली हाट में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद महापौर शारदा सोलंकी ने कहा कि आजीविका होली हाट से दो मंतव्य पूरे होंगे। एक तो शहर के लोगों को दादी-नानी के हाथों से तैयार होने वाले स्वादिष्ट देहाती व्यंजनों का लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा। वहीं समूहों की आय बढ़ेगी तो इनसे जुड़ी महिलाएं भी सशक्त होंगी।

## एक नजर में

### 32 बोर पिस्टल व राउण्ड के साथ एक बदमाश पकड़ा



**मुरैना, 25 फरवरी।** स्टेशन रोड थाना पुलिस ने पिस्टल और जिंदा राउंड के साथ एक बदमाश को पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना पर इमलिया रोड पर वारदात के इरादे से खड़े एक युवक को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 32 बोर की पिस्टल और दो जिंदा राउण्ड बरामद हुए है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है। कार्रवाई में निरीक्षक ओपी रावत और उनकी टीम शामिल थी।

### जौरा में मिठाई की 5 दुकानों से लिए गए सैंपल

**मुरैना/जौरा।** होली के त्यौहार पर खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए फूड सेफ्टी विभाग ने सैपलिंग की कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार को जौरा कस्बे में मिठाई की पांच दुकानों से फूड सेफ्टी टीम ने अलग-अलग मिठाईयों के सैंपल लिए है। फूड सेफ्टी अधिकारी महेंद्र सिरोहिया और अनिल परिहार ने बुधवार की दोपहर कस्बा जौरा में जोधपुर मिष्ठान भंडार से मलाई बर्फी का सैंपल लिया। इसके बाद चित्रकूट मिष्ठान भंडार पुराने बस स्टैंड के पास से मलाई के लड्डू, बेसन के लड्डू का नमूना लिया। तीसरी कार्रवाई अग्रवाल मिष्ठान भंडार पर करते हुए यहां से मावा का सैंपल लिया गया। चौथी कार्रवाई गिर्राज मिष्ठान भंडार पर हुई, यहां से टीम ने सोन पपड़ी का नमूना लिया। टीम द्वारा मोर मुकुट मिष्ठान भंडार से मावा एवं सोनपपड़ी के सैंपल लेकर जांच के लिए भोपाल भेजे गए है।






### पिस्टल से हवाई फायरिंग करने वाला सूरज गिरफ्तार

**मुरैना।** सिविल लाईन थाना पुलिस ने 24 फरवरी को पिस्टल से फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले सूरज भदौरिया पुत्र मानसिंह भदौरिया नि. गुर्जर मार्केट के पास महाराजपुर रोड मुरैना को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि 24 फरवरी को फरियादिया रामा यादव पत्नी राजपाल यादव नि. सिकरवार गली जब द्वारिकाधीश गार्डन के पास से गुजर रही थी। तभी उसने सूरज भदौरिया को रास्ते से गाड़ी हटाने की बात कही थी। जिसे लेकर सूरज ने उसे गालियां देते हुए मारपीट की पिस्टल से हवाई फायरिंग कर डाली थी। रामादेवी की रिपोर्ट पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस ने आरोपी सूरज के पास से 32 बोर की पिस्टल और एक जिंदा राउण्ड जब्त किया है।

# बाइक फिसलने से परीक्षा देने जा रहे छात्र-छात्रा जख्मी, रैफर

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/अंबाह, 25 फरवरी।** हायर सेकेंड्री परीक्षा देने जा रहे दो विद्यार्थियों के साथ बुधवार सुबह एक हादसा हो गया। तोरगांव मोड़ के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल सहायता पहुंचाई और परिजनों को सूचना दी।

**अंबाह क्षेत्र में तोर गांव के पास हुआ हादसा**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मोड़ पर ढलान और सड़क पर फैली रेत के कारण बाइक का संतुलन बिगड़ गया। गिरने से दोनों परीक्षार्थियों को हाथ-पैर और सिर में चोटें आईं। घटना के बाद कुछ देर के लिए मौके पर भीड़ जुट गई। घायल छात्र-छात्रा को परिजन तुरंत सिविल अस्पताल अंबाह लेकर पहुंचे, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों ने बेहतर इलाज की आवश्यकता बताते हुए दोनों को जिला अस्पताल मुरैना रेफर कर दिया।

घायलों की पहचान दिव्या गहलोत 17 वर्ष पुत्री कमल सिंह और नितिन श्रीवास 18 वर्ष पुत्र रामसुंदर निवासी परीछत का पुरा के रूप में हुई है। दोनों संदीपनी परीक्षा केंद्र पर हायर सेकेंड्री की परीक्षा देने जा रहे थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



### 12 वीं गणित के पेपर में एक परीक्षार्थी नकल करते पकड़ा

**मुरैना, 25 फरवरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा में बुधवार को गणित विषय की परीक्षा में एक नकल प्रकरण दर्ज किया गया है। परीक्षा में कूल 8 हजार 106 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 7 हजार 886 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि 220 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान शासकीय कन्या हाईस्कूल नूराबाद में एक नकल प्रकरण दर्ज किया गया। हायर सेकेण्डरी बोर्ड में गणित विषय की परीक्षा के दौरान जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव ने तीन परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के अंतर्गत शासकीय उमावि खड़ियाहार, सिहोनिया एवं मिरघान का अवलोकन किया गया।

# रेत उत्खनन के मामले में अभियुक्त को 1 वर्ष सश्रम कैद

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 25 फरवरी।** चंबल नदी से रेत का उत्खनन कर परिवहन किए जाने के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मुरैना ने अभियुक्त धर्मेन्द्र पुत्र सुरेन्द्र सविता निवासी भूरी सिंह का पुरा ग्राम गलेथा को दोषी मानते हुए 1 वर्ष सश्रम कैद और 7 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किए जाने का फैसला सुनाया है।

**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मुरैना का फैसला 7 हजार जुर्माना**

मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि 13 मई 2018 को गेम रेंज देवरी की टीम ने चंबल नदी के डाबरपुरा घाट गुढ़ा चंबल से चंबल नदी की रेत से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली क्रं. एमपी06-एए-4332 को पकड़ा था। ट्रॉली में चंबल नदी का करीब 2 घनमीटर रेत भरा हुआ पाया गया। ट्रेक्टर ड्राईवर धर्मेन्द्र सविता के विरुद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम-1972 की धाराओं में अपराध क्र. 9871/02 पंजीबद्ध किया गया। विवेचना उपरांत न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मुरैना अमित प्रताप सिंह के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। अभियोजन के द्वारा क्रमबद्ध तरीके से साक्ष्य को पेश किया गया। न्यायालय द्वारा अभियोजन के साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होकर आरोपी को 1 वर्ष सश्रम कैद और 7 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किए जाने का फैसला सुनाया गया है।

**म्यूजिकल नाइट**

# देर रात तक गूंजते रहे मोहम्मद रफी के नग्मे

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/अंबाह, 25 फरवरी।** कस्बा अंबाह में चल रहे जयश्वर महादेव मेला के सांस्कृतिक रंगमंच पर मंगलवार की रात संगीत का ऐसा जादू बिखरा कि पूरा शहर सुरों की मिठास में सराबोर हो गया। म्यूजिकल नाइट महान गायक मोहम्मद रफी के पुत्र साजिद रफी एवं प्रेम भाटिया ग्रुप ने स्व. रफी साहब के एक से बढ़कर एक गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। जिन्हें सुनकर श्रोतागण झूठ उठे।

**जयश्वर महादेव मेला रंगमंच पर हुआ आयोजन**

कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा और पंडाल खचाखच भरा रहा। गूंजती तालियों और वंस मोर की मांग ने कलाकारों को बार-बार मंच पर लौटने के लिए मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधि, मेला समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

**सुरों के माध्यम से मोहम्मद रफी को दी श्रद्धांजलि :** कार्यक्रम की शुरुआत साजिद रफी ने अपने पिता के अमर गीतों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की। साजिद के मंच पर आते ही श्रोताओं ने तालियों से उनका स्वागत किया। चौदहवीं का चांद, तेरी आंखों के सिवा, ये रेशमी जुल्फें और क्या हुआ तेरा वादा जैसे न भुलाए जाने वाले गीतों की प्रस्तुति ने माहौल को भावुक और रोमांटिक दोनों बना दिया। साजिद रफी ने बीच-बीच में अपने पिता से जुड़ी यादें साझा करते हुए कहा कि अंबाह जैसे सांस्कृतिक नगर में आकर प्रस्तुति देना उनके लिए सौभाग्य की बात है।

### भाजपा नेता ने बिना अनुमति बोर खनन कराया

**सबलगढ़, 25 फरवरी।** नगर के पुरानी सब्जी मंडी चौराहे के पास भाजपा के वरिष्ठ नेता रामजी लाल बंसल का मकान है भाजपा नेता रामजी लाल ने दो दिन पहले अपने मकान के सामने एम एस रोड के पास बिना नगर पालिका की अनुमति के बोर खनन कराया बोर खनन की जानकारी जब एस डी एम मेघा तिवारी को लगी तो उन्होंने आज तहसीलदार सीताराम वर्मा पटवारी राधा शर्मा ओर नगर पालिका अमले के साथ जाकर जे सी वी से बोर को खुदवाया ओर बोर में मिट्टी डालकर उसको पुरवाया। इस संबंध में एस डी एम मेघा तिवारी का कहना है कि सभी आम जनता को सूचना है कि बोर खनन करने से पहले नगर पालिका से अनुमति प्राप्त करे बिना अनुमति के नगर में बोर खनन किया गया तो उस व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।



# नपा अध्यक्ष को ब्लैकमेल कर मांगे दस लाख



**नवभारत न्यूज**

**सबलगढ़, 25 फरवरी।** नगर पालिका अध्यक्ष सोनेराम धाकड़ द्वारा कोलिया निवासी सपन जादौन पर ब्लैक मेल करने का आरोप लगाया है।

**पुलिस ने सपन जादौन के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया**

विदित है कि कोलिया निवासी सपन जादौन अपनी फेसबुक आईडी पर दो माह से नगर पालिका अध्यक्ष सोनेराम धाकड़ के खिलाफ भ्रामक ओर असत्य जानकारी को लेकर नगर पालिका में भ्रष्टाचार ओर घोटालों को लेकर खबर बनाकर प्रसारित कर रहा था इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष सोनेराम धाकड़ ने सपन जादौन को समझाया भी था कि तुम यह झूठी असत्य खबरें अपनी फेसबुक आईडी पर क्यों डाल रहे हो परन्तु सपन जादौन नहीं माना ओर एक के बाद एक भ्रामक ओर असत्य जानकारी अपनी फेसबुक आईडी पर डालता रहा जब नगर पालिका अध्यक्ष ने ज्यादा कहा तो सपन जादौन द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष सोनेराम धाकड़ से मोबाइल पर दस लाख रूपए की मांग करने लगा ओर अश्लील गालियां भी मोईवाल पर देने लगा ज्यादा दबाव बनाने पर नगर पालिका अध्यक्ष सोनेराम धाकड़ स्वयं ओर उनका परिवार मानसिक तनाव में आ गया तनाव के कारण नगर पालिका अध्यक्ष सोनेराम धाकड़ के लड़के शैलेंद्र धाकड़ ने सपन जादौन से पीछा छुड़ाने के उद्देश्य से सपन जादौन द्वारा दिए गए क्यूँ आर कोड पर दस हजार रुपए डाल दिए बो क्यू आर कोड सपन जादौन के साथी शिवेंद्र सिंह का था इसके बाद भी सपन जादौन की हरकते नहीं रुकी और सोनेराम धाकड़ से दस लाख रूपए की मांग कर डाली जिससे अध्यक्ष सोनेराम धाकड़ ओर उनका परिवार दहशत में आ गया अध्यक्ष सोनेराम धाकड़ ने मुरैना जाकर इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी पुलिस अधीक्षक को दी ओर अपनी आप बीती सुनाई पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सबलगढ़ पुलिस द्वारा अध्यक्ष सोनेराम धाकड़ से आवेदन लेकर सपन जादौन ओर उसके सहयोगी शिवेन्द्र सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है वहीं मुरैना पुलिस द्वारा सपन जादौन को गिरफ्तार कर लिया गया है सपन जादौन के द्वारा पहले भी कई नेता और कई अधिकारियों को ब्लैक मेल किया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष सोनेराम धाकड़ ने कहा कि सपन जादौन ने मुझे मानसिक रूप से परेशान किया।